# पौधारोपण के माध्यम से धरती मां की सुरक्षा करें : जोगेश्वर गर्ग

**जालोर**, (कासं)। जिला प्रशासन व वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पृथ्वी दिवस-2025 के अवसर पर मंगलवार को 'हमारी शक्ति, हमारा ग्रह' थीम पर विद्या भारती स्कूल जालोर में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के मुख्य आतिथ्य, जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता व जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव के आतिथ्य में समारोहपूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत पक्षियों के परिंडे लगाए गए तथा वृक्षारोपण किया गया। वही कार्यक्रम में अतिथियो के लिए छांव की व्यवस्था की गई, वही विद्यार्थी इस तपती गर्मी की तेज धूप में बैठे नजर आए।

कार्यक्रम में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने विद्यार्थियों व आमजन को पर्यावरण संरक्षण व पृथ्वी को बचाने का आह्वान किया। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि विश्व का एकमात्र देश भारत है जहाँ धरती को मां का दर्जा प्राप्त है और इसके संरक्षण व तेज गर्मी से बचाव के लिए पेड-पौधों को पनपाना व उनका संरक्षण करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि जगदीशचन्द्र बसु प्रथम वैज्ञानिक थे जिन्होंने बताया था कि पेड़ों में प्राण बसते हैं, इन्हें काटे नहीं व इनकी रक्षा करें। उन्होंने विद्यार्थियों ने पौधों का संरक्षण करने की प्रतिज्ञा लेने की बात कही।

कार्यक्रम के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि गत वर्ष की तुलना में 21 दिन पूर्व हीटवेव का आगमन चिन्ता का विषय है, इसलिए तेज गर्मी से निपटने के लिए पेड़-पौधों का संरक्षण आवश्यक है। उप वन संरक्षक जयदेवसिंह चारण ने कहा कि इस वर्ष की थीम ''हमारी शक्ति, हमारा ग्रह'' के अनुरूप विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। आगामी वर्षा ऋतु में वृक्षारोपण के लिए वन विभाग द्वारा 70 हजार मीठी जाल के पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने अधिकाधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की अपील करते हुए विद्यालय प्रशासन व अतिथियों का आभार जताया। मंच संचालन सायला के नाका प्रभारी ईश्वरसिंह राव ने किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा निबंध, भाषण, चित्रकला व पोस्टर प्रतियोगिता में विद्यालयी व महाविद्यालयी वर्ग के छात्र-छात्राओं को पारितोषिक वितरण किया गया।

कार्यक्रम में अतिथियों के लिए तो छांव की व्यवस्था की गई, लेकिन इस तेज तपती गर्मी में विद्यार्थी बैठे रहे। जिसके चलते स्कूल के बच्चे तेज गर्मी से पसीने से तरबतर नजर आये। बच्चों के लिए किसी प्रकार से छांव की व्यवस्था नही की गई।

इस अवसर पर रवि सोलंकी, गजेन्द्र सिंह सिसोदिया, दिनेश बारोट, अशोक गुर्जर, राजकुमार चौहान, डिम्पलसिंह, सुरेश सुन्देशा, नाथू सोलंकी, दिलीप सोलंकी, भागीरथ गर्ग, क्षेत्रीय वन अधिकारी भागीरथ सिंह व रायसिंह, कल्याणसिंह, मुकेश शर्मा, जबरसिंह, गुलाब खान, सुरेन्द्र नाग, हनीफ खान, कूपाराम, घनश्याम देवासी सहित विद्या भारती स्कूल स्टाफ, वनकर्मी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी : भाटी

**पाली**,(नि.सं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पाली के बैनर तले लव कुश वाटिका पाली में वन विभाग पाली के संयुक्त तत्वावधान में ''विश्व पृथ्वी दिवस'' के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्राधिकरण सचिव अपर जिला न्यायाधीश पाली विक्रम सिंह भाटी ने बताया कि हर साल विश्व पृथ्वी दिवस को एक थीम के साथ मनाया जाता है। साल 2025 में इसकी थीम है- 'हमारी शक्ति हमारा ग्रह'। दिवस का महत्व पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूकता बढाने और लोगों को हमारे ग्रह की सुरक्षा के लिए प्रेरित करना है। मंगलवार के समय में पृथ्वी अनेक गंभीर खतरों से जूझ रही है। जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, वनों की कटाई आदि ऐसे कई मुद्दे है जो हमारी पृथ्वी को धीरे-धीरे नष्ट कर रहे हैं। इसलिए लोगों को जागरूक करने के लिए वैश्विक स्तर पर विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। यह विशेष दिन हमारी पृथ्वी की रक्षा और उसकी प्राकृतिक सुंदरता को बनाए रखने के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि हमारी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा, स्वच्छ वातावरण मिल सके, इसके लिए केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं है, बल्कि नागरिकों को भी पहल करते हुए सामुहिक प्रयास करने आवश्यक है। इसके साथ ही प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया तथा अधिकाधिक संख्या में पौधारोपण कर उसके संरक्षण के लिए कदम उठाने के लिए प्रेरित किया।

इसके अतिरिक्त विभिन्न तालुका क्षेत्रों में तथा जिला मुख्यालय के अधिकार मित्र मांगीलाल तंवर द्वारा भी पीएमश्री बांगड़ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पाली में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर शिविरों का आयोजन कर उक्त दिवस के महत्व के बारे में अवगत कराते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आयाम, निःशुल्क विधिक सहायता, पीड़ित प्रतिकर स्कीम, नालसा व रालसा द्वारा जारी विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाएं, नालसा हेल्पलाइन नंबर, नालसा पोर्टल, पॉश एक्ट, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, बाल विवाह के दुष्परिणाम, आदि के संबंध में जागरूक किया तथा अधिकाधिक संख्या में वृक्षारोपण हेतु प्रेरित किया।

इस दौरान मदन सिंह सहायक वन संरक्षक अधिकारी, प्रकाश कुमार क्षेत्री वनाधिकारी पाली, बसंत परिहार प्राचार्य रा.बांगड़ उ.मा.वि., ऋषिराज राजपुरोहित विधि विद्यार्थी आदि उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा कार्यों की समीक्षा

**जालोर**, (कासं)। जिला कलैक्टर प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। कलैक्टर प्रदीप के. गावंडे ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने एवं नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए किए जा रहे कार्यों एवं गतिविधियों की समीक्षा की। इस अवसर पर सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रमेश सिंघारिया, जिला परिवहन अधिकारी जालोर ओमप्रकाश चौधरी, जिला परिवहन अधिकारी भीनमाल ओमसिंह शेखावत सहित कई जने उपस्थित रहे।

# सर्व हिन्दू समाज व सनातन धर्म के लोगों का प्रदर्शन आज

**जालोर**, (कासं)। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंदुओं पर हो अत्याचार एवं हत्याओं के विरोध में योजना बनाने के लिए सर्व हिन्दू समाज व सनातन धर्म के लोगो की बैठक सोमवार रात्रि 9 बजे सुंदेलाव तालाब स्थित हनुमानजी मन्दिर जालोर में आयोजित हुई।

विश्व हिन्दू परिषद जालोर के दिनेश जीनगर ने बताया कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंदुओं पर हो अत्याचार एवं हत्याओं के विरोध में योजना बनाने के लिए बैठक सोमवार रात्रि 9 बजे सुंदेलाव तालाब स्थित हनुमानजी मन्दिर में आयोजित हुई। बैठक में एनआईए जांच एवं राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन देने कि योजना बनी। जिसको लेकर बुधवार को प्रातः 10 बजे मलकेश्वर मठ जालोर में सभी हिन्दू समाज एकत्रित होकर रैली के रूप में अस्पताल चौराया से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर पश्चिम बंगाल सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाने के साथ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंककर कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देंगे।

इस अवसर पर हनुमानजी मन्दिर के पवनपुरी महाराज, सनातन महोत्सव समिति के संयोजक अम्बालाल व्यास, प्रवीणसिंह नाथावत, गायत्री परिवार के भगवती ठाकुर, सज्जनसिंह दुदवा, ओटाराम सोलंकी, कानाराम परमार, भरत घांची, महेश सोलंकी, दिनेश बारोट, रामलाल माली, जितेन्द्र सेन सहित बडी संख्या में सर्व हिन्दू समाज के लोग उपस्थित थे।

# 'जस जालोर रो इतिहासगाथा' का आयोजन 27 को

**जालोर**, (कासं)। महाराजा कान्हड़देव एवं अलाउद्दीन खिलजी के मध्य हुए जालौर के ऐतिहासिक युद्ध की 714 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आगामी वैशाख अमावस्या के दिन जस जालोर रो- इतिहास गाथा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, इतिहास संकलन समिति एवं संस्कृति शोध परिषद जालोर की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शिक्षक एवं इतिहासविद राजवीर चलकोई उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम का आयोजन वैशाख अमावस्या माता हीरा दे पराक्रम दिवस के अवसर पर 27 अप्रैल रात्रि 8 बजे भगतसिंह क्रीडास्थल पर किया जाएगा। भैरुनाथ अखाड़ा के गंगानाथ महाराज के सानिध्य में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में विचारक एवं पाथेय कण पत्रिका के सह संपादक श्यामसिंह बीज भाषण ( की नॉट स्पीच) देंगे वहीं कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक संजीव कुमार उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की पूर्व तैयारी को लेकर स्थानीय सेंटेंस विद्यालय में आयोजन समिति की बैठक रखी गई । जिसमें डाइट उपाचार्य शांतिलाल दवे, संस्कृति शोध परिषद के निदेशक संदीप जोशी, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के किशोर सिंह राजपुरोहित, कल्पेश बोहरा, मुकेश सुंदेशा, रूपेंद्र सिंह समेत विभिन्न कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में जालौर के इस गौरवशाली इतिहास को जन जन तक पहुंचाने के लिए विस्तृत कार्य योजना पर चर्चा हुई एवं विभिन्न कार्यों का निर्धारण किया गया।

संस्कृति शोध परिषद ने विभिन्न ऐतिहासिक ग्रंथों के अध्ययन एवं इतिहास के विद्वानों से चर्चा उपरांत जालोर के इस ऐतिहासिक युद्ध की महत्वपूर्ण घटनाओं को क्रमबद्ध किया एवं 6 दिन के भीषण संग्राम का नाम पराक्रम पर्व दिया। उल्लेखनीय है कि इस भीषण संग्राम से पहले दो बार जालोर के वीरों ने अलाउद्दीन खिलजी की सेना को परास्त भी किया था।

## 6,388 ने स्वेच्छा से हटवाए नाम

**बालोतरा**, (निसं)। जिला रसद अधिकारी हजारीलाल आलोरिया ने बताया कि ०1 नवम्बर 2024 से प्रारम्भ गिव-अप अभियान में आज तक राजस्थान में 17.63 लाख व्यक्तियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोडा है तथा बालोतरा जिले में अब तक 6,388 व्यक्तियों ने गीव अप किया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर 26 जनवरी 2025 को खाद्य सुरक्षा योजना पोर्टल खोला गया, जिसमें आज तक राजस्थान में 2०.8० लाख व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा योजना से जोडा गया, जिसमें बाडमेर एवं बालोतरा जिले के 89,242 व्यक्तियों को जाडा गया। गिव-अप अभियान के तहत बालोतरा में उन्होंने बताया कि गिव अप अभियान में बालोतरा जिले के 18० अपात्र परिवारों को नोटिस जारी किये।

# पोषण पखवाड़े का समापन समारोह आयोजित

**पाली**, (नि.सं.)। मिशन पोषण 2.0 का उद्देश्य सामाजिक और व्यवहार परिवर्तन संचार (एसबीसीसी) और सामुदायिक लामबंदी रणनितियों के माध्यम से पोषण परिणामों को बढाना है। इसी श्रृंखला में 7 वां पोषण पखवाड़ा 8 से 22 अप्रेल 2025 तक जिले की समस्त परियोजनाओं में अभिसरण विभागों के समन्वय से मनाया गया। पोषण पखवाड़ा का समापन समारोह मंगलवार को जिला पेन्शनर भवन पाली में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश चौधरी के निर्देशन में आयोजित किया गया।

समेकित बाल विकास सेवाएं उप निदेशक राजेश कुमार ने बताया कि इसमें भारत सरकार द्वारा मुख्य रूप से 4 गतिविधि थीम आधारित गतिविधियां (जीवन के पहले 1000 दिनों पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए, पोषण ट्रैकर में लाभार्थी मॉडयूल का लोकप्रियकरण, ब्ड।ड (सीएमएएम) मॉडयूल के माध्यम से कुपोषण का प्रबंधन, बच्चों में मोटापे से निपटने के लिए स्वस्थ जीवनशैली) थीम आधारित गतिविधियां जिला स्तर एवं ब्लॉक स्तर व आंगनवाड़ी केन्द्रों पर आयोजित की गई। आयोजित गतिविधियों को शत प्रतिशत जन आन्दोलन डेशबोर्ड पर दर्ज किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत उपनिदेशक राजेश कुमार द्वारा स्वागत भाषण से किया जाकर सुपोषित ग्राम पंचायत की गाईड लाइन एवं चयनित ग्राम पंचायतों के बारे में विस्तृत से चर्चा की गई तथा पोषण पखवाड़ा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को जिला स्तर पर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी पी.सी. दीपन, मुख्य आयोजना अधिकारी रामदयाल राठोड़, प्रतिनिधि जिला शिक्षा अधिकारी ललित दवें, उपनिदेशक महिला अधिकारिता भागीरथ चौधरी प्रशासनिक अधिकारी हंसराज पवार, अति. प्रशा. राजाराम चौहान, जिले के सीडीपीओं साहेबान, कनिष्ठ लेखाकार, महिला पर्यवेक्षक, ब्लॉक समन्वयक पोषण अभियान एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर जिला समन्वयक सिकन्दर खान ने पोषण ट्रेकर में एफआरएस मोबाइल एवं आधार वेरिफिकेशन तथा नवीन संस्करण 23.4 की बारीकियों की जानकारी प्रदान की। अंत में उपनिदेशक ने सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## ऑयल इंडिया कंपनी के सामान चोरी का खुलासा

**बाप**, (निसं)। फलोदी जिले की नोख थाना पुलिस टीम ने ऑयल इण्डिया की अल्फा जीयों सर्वे कम्पनी में सीएक्स, केबल व बैटरियां, जीयो फोन चोरी के मामले का खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है।

रघुनाथराम निदेशक ऑयल इंडिया फिल्ड प्रालि. ने नोख थाने में 19 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कम्पनी एच.आर. ऑयल फिल्ड एंव अल्फा जिओ द्वारा सर्वे का कार्य चल रहा है। फिल्ड क्षेत्र से उनकी कम्पनी का कीमती सामान बैटरी, बग-०7, केबल 3० किसी अज्ञात व्यक्तियों ने चोरी कर लिया था। जिससे उन्हे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। जिला पुलिस अधीक्षक पूजा अवाना ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक जोधपुर रेंज जोधपुर के विशेष अभियान 'ऑपरेशन खुलासा' का अनुसरण किया गया।

## सायला में खेतेश्वर जयंती मनाई

**सायला**, (निसं)। सायला शहर के जूना गाला स्थित खेतेश्वर पंचधाम मंदिर में मंगलवार को गुरुकुल के ऋषिकुमारों द्वारा ब्रह्मलीन संत खेताराम महाराज (खेतेश्वर) की 113 वीं जन्म जयंति हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर संत खेताराम महाराज की पूजा अर्चना तथा विशेष आरती की गई। खेतेश्वर मंदिर के सहकोषाध्यक्ष जबरसिंह चौराऊ ने गुरुकुल के बालको को संत खेताराम महाराज के जीवन प्रसंग को सुनाया। साथ ही फलाहार तथा मिष्ठान वितरण कर खेतेश्वर जयंती की शुभकामनाएं दी।

# कलैक्टर ने सुचारू पेयजल आपूर्ति के निर्देश दिए

**जालोर**, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने मंगलवार को पेयजल संबंधित व्यवस्थाओं व समस्याओं के निस्तारण को लेकर सायला क्षेत्र का दौरा किया।

जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ मंगलवार को सायला क्षेत्र के दौरे पर पहुँचे। जहाँ उन्होंने ग्रामीणों से पेयजल आपूर्ति के संबंध में फीडबैक लेते हुए समस्या का त्वरित निस्तारण करने तथा प्रेशर के साथ नियमित सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया। जिला कलैक्टर ने स्थानीय लोगों के घरों में जाकर जलापूर्ति व्यवस्था देखने की साथ की पानी की गुणवत्ता देखी तथा स्थानीय निवासियों से वार्ता कर पेयजल सप्लाई की नियमितता के बारे में जानकारी प्राप्त की। वार्ता के दौरान ग्रामीणों ने एक दिवस छोड़कर जलापूर्ति किए जाने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को सुचारू जलापूर्ति किए जाने को लेकर पाबंद किया।

इस अवसर पर सायला उपखण्ड अधिकारी सूरजभान विश्नोई सहित पीएचईडी के अधिकारी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मोटरसाइकिल चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**बाप**, (निसं)। महानिरीक्षक पुलिस जोधपुर रेंज जोधपुर द्वारा चलाये जा रहे विषेष अभियान 'ऑपरेशन खुलासा' के तहत फलोदी पुलिस ने कार्यवाही करते हुऐ दो शातिर मोटरसाईकिल चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की कुल 5 मोटरसाईकिलें बरामद की है।

फलोदी पुलिस अधीक्षक पूजा अवाना ने बताया कि सम्पति संबंधित अपराधों के विरूद्व महानिरीक्षक पुलिस जोधपुर रेंज जोधपुर द्वारा विषेश अभियान 'ऑपरेशन खुलासा' चलाया जा रहा है। अभियान के तहत 20 अप्रैल की रात्रि को हैड कांस्टेबल खुमाणाराम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सूचनाओं के माध्यम से प्राप्त सूचना पर एका चौराहा से पहले नहर के पास रेल्वे फाटक के पास झाडियों में मोटरसाईकिलो के पास बैङ्के दो संदिग्ध व्यक्तियों को दस्तयाब किया। दोनों संदिग्ध व्यक्तियों को नाम पता व मोटरसाईकिलों के कागजात के बारे में पुछा तो संतोषजनक कोई जवाब नहीं दे पाए। युवको ने अपना नाम मांगीलाल पुत्र रेशमाराम विश्नोई निवासी जैसला थाना भोजासर तथा सांवरलाल पुत्र देवीचंद जाति विश्नोई मिंयाकोर थाना चाखू होना बताया। पुलिस ने दोनों युवकों के कब्जे से कुल 5 मोटरसाईकिल को जब्त की।

# 'परिंडा अभियान का चंडावल में कार्यक्रम आयोजित

**पाली**, (नि.सं.)। जिले के परिंदो के लिए 'परिंडा अभियान' जिला कलैक्टर एल.एन.मंत्री के द्वारा अभिनव पहल के साथ परिंदों के लिए पानी की व्यवस्था एवं आमजन को जागरूक कर इस मुहिम में शामिल करने के उद्देश्य से जनसेवा सद्भावना समिति पाली के बैनर तले आज मंगलवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चण्डावल नगर में 1111 परिंडा वितरण करने का कार्यक्रम का आयोजन समारोह के मुख्य अतिथि जिला कलैक्टर एल.एन.मंत्री एवं अतिरिक्त संभागीय आयुक्त अजमेर दीप्ति शर्मा के सानिध्य में रंग बिरंगे कलाकृति परिंडों का वितरण किया गया, जिसके तहत चण्डावल नगर ग्राम पंचायत में परिंदों के पानी पीने की समुचित व्यवस्था के लिए लगाए जाएंगे।

परिंडा अभियान चण्डावल नगर में कार्यक्रम की शुरूआत में अशोक चौहान सूरज की गर्मी की किरणों से राहत प्रदान करने द्वारा रचित गीत प्रस्तुत किया गया एवं नारायण लाल बालवंशी के द्वारा विभिन्न कलाकृतियों के द्वारा बनाये गये परिंडों का लोकार्पण अतिथियों के द्वारा किया गया।

परिंडों पर उकेरी गई कलाकृति को देखकर जिला कलैक्टर सहित सभी अतिथियों ने भूरी भूरी प्रशंसा की गई। पृथ्वी दिवस पर जिला कलैक्टर के द्वारा पेड़ पर परिंडा भी बांधा गया एवं श्रीमती दीप्ति शर्मा द्वारा इस अवसर पर पौधा रोपण किया गया।

वितरण समारोह के मुख्य आतिथ्य के रूप में सम्बोधित करते हुए जिला कलैक्टर ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि परिंडा वितरण का शुभांरभ राजेश्वर भगवान नया चेण्डा से की गई और मंगलवार को वासुदेव की नगरी चण्डावल करने पर अपने आप को बहुत ही भाग्यशाली अनुभव कर रहा हूं। साथ ही परिंडा अभियान के साथ-साथ परिंदों के अलावा पशुओं के लिए भी आवाला भरकर पानी की समुचित व्यवस्था की जाए ताकि इस तेज गर्मी में पशु-पक्षी प्यासे नहीं रहें।

साथ ही समारोह में स्वागत रस्म में माला साफा एवं मौमेंटों के स्थान पर अतिथियों को परिंडा भेंट कर उनका मान सम्मान किया जाए।

अतिरिक्त संभागीय आयुक्त अजमेर दीप्ति शर्मा ने बताया कि परिंडा अभियान की पहल परिंदो के प्रति एक पुण्य कार्य है और आज इस वासुदेव की धर्म नगरी से पृथ्वी दिवस पर परिंदो के लिए परिंडा वितरण कर प्राकृतिक एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए एक अभिनव पहल है। मुझे इस पुण्य अवसर पर बुलाकर वितरण का जो कार्य करने पर यह मेरे लिए बहुत ही ऐतिहासिक दिन होगा।

इस अवसर पर सरपंच भाटिया के द्वारा स्वागत भाषण एवं प्राचार्य श्रवण कुमार परिहार द्वारा मुक्त कण्ठ से एवं हृदय की गहराईयों से आभार प्रकट किया एवं अतिथियों के द्वारा राज्य स्तर पर अम्बेडकर सामाजिक सेवा से समानित कुलदीप पंवार का माला एवं साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में यूआईटी सचिव पुजा सक्सेना, उपखण्ड अधिकारी सोजत मांसीगाराम जांगिड, विकास अधिकारी सोजत कविया, जिला परिषद सदस्य कालूराम कण्डारा, ग्राम पंचायत चण्डावल सरपंच घेवरचंद भाटिया, समाजसेवी अर्जुन मेहता, उप सरपंच अशोक सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी राहुल राजपुरोहित, सहायक निदेशक सो.हन लाल भाटी, प्रवीण जांगिड, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दलपत सिंह, एसीबीओ द्वितिय रफीक मोहम्मद, जनसेवा सद्भावना समिति चेयरमेन राजकुमार मेडतियां, समाजसेवी राजेन्द्र किसान, शिव नारायण शर्मा, मंगल शर्मा, आनंद परमार मौजूद रहे।


## कार्यालय नगर परिषद जालोर (राजस्थान)

( अस्पताल चौराहा, जोधपुर रोड, जालोर -343001 )

Tel. (02973) 222270 E-mail : mbjalore24@yahoo.in

क्रमांक:- नपजा/राजस्व/2025/650 दिनांक : 22/04/2025

॥ आपत्ति विज्ञप्ति ॥

श्री भवानीसिंह चम्पावत पुत्र श्री चैनसिंहजी, जाति - राजपुत, निवासी -प्रकाश महल, घांधिया हवेली, आशापुर्णा कॉलोनी, जालोर ने एक भुखण्ड / मकान के नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है उक्त भुखण्ड जालोर की आबादी भुमि के खसरा सं. -2169 बनाम आशापुर्णा कॉलोनी , जालोर मे मेरा एक भुखण्ड आया हुआ है, जिसका पट्टा लीजडीड सं. - 45/2007-08, दिनांक - 25.04.2008 को श्री ढगलाराम पुत्र ढेमुरामजी के नाम से कार्यालय नगरपालिका जालोर द्वारा जारी किया गया है । उक्त भूखण्ड को श्री ढगलाराम ने श्री दलपतसिंह पुत्र प्रेमसिंहजी को दिनांक - 06.07.2008 को बेचान किया । इसके बाद श्री दलपतसिंहजी ने श्रीमती गणेश कंवर पत्नी श्री श्रवणसिंहजी को दिनांक 15.06.2022 को बैचान किया गया । श्रीमती गणेश कंवर ने श्री भवानीसिंह चम्पावत पुत्र श्री चैनसिंहजी को दिनांक 11.06.2024 को बेचान किया गया । प्रार्थी ने अपने नाम से नामांतरण चाहा गया है । उक्त आवासीय प्लॉट का क्षेत्रफल 2400 वर्गफीट एवं पडौस एवं चतुर्सीमा निम्न प्रकार है ।

उत्तर :- ढगलाराम का प्लॉट, यह भुजा 60 फीट है ।
दक्षिण :- खसरा नम्बर - 2169 की भूमि 60 फीट है ।
पूर्व :- 30 फीट चौडा रास्ता व निकास, यह भुजा 40 फीट है ।
पश्चिम :- श्री कोजाराम पुत्र सदारामजी का प्लॉट, यह भुजा 40 फीट है ।

अत: सर्वसाधारण को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज साक्ष्य सहित निम्न हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी। इस प्रकरण से संबंधित प्रार्थना पत्र व संलग्न दस्तावेजों का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय के दौरान इस कार्यालय के राजस्व अनुभाग में आकर किया जा सकेगा।

अवगत रहें। आयुक्त, नगर परिषद, जालोर


# सायला में गोष्ठी आयोजित

**सायला**, (निसं)। भाजपा मंडल सायला के तत्वावधान में मंगलवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत संगोष्ठी का मुख्य वक्ता पूर्व राज्यमंत्री भूपेन्द्र देवासी के मुख्य आतिथ्य, मंडल अध्यक्ष नैनमल लखारा की अध्यक्षता एवं पूर्व विधायक रामलाल मेघवाल के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजन किया।

मुख्य वक्ता भूपेन्द्र देवासी ने कहा कि भाजपा सरकार बाबा साहब के सपनों को साकार करने में लगी है। जबकि कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहब का नाम लेकर राजनीति की, पर उन्हें सम्मान नहीं दिया। मंडल अध्यक्ष नैनमल लखारा ने कार्यकर्ताओं से सम्मान अभियान, वन नेशन वन इलेक्शन एवं वक्फ बिल से आमजन को अवगत करवाने का आव्हान किया। मंडल महामंत्री मांगीलाल राजपुरोहित, मूलसिंह चंपावत, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष बलवन्तसिंह तूरा, पूर्व सरपंच सुरेश राजपुरोहित, ताराराम चौधरी, मुल्तानमल आचार्य, खंगारसिंह आसाणा, पदमाराम चौधरी, राजेन्द्र माहेश्वरी, वागाराम मेघवाल मोकणी, जगाराम माली, जबरसिंह चौराऊ, मोहन वीरा, पारसाराम राणा, रमेश गर्ग, जीतू मोनोणी, प्रशान्त रावल समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।


